# भारतीय रिज़र्व बैंक
# Reserve Bank of India

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)**

अलीपुर, उल्टाडांगा, डोवर लेन, सल्ट लेक और दम दम में बैंक आवासीय परिसरों के लिए आईपी सीसीटीवी सिस्टम के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (डीएसआईटीसी) के लिए ई-निविदा

भारतीय रिज़र्व बैंक विनिर्दिष्ट पूर्व-योग्यता मानदंडों के अनुसार पात्र बोलीदाताओं से अलीपुर, उल्टाडांगा, डोवर लेन, सल्ट लेक और दम दम में बैंक आवासीय परिसरों के लिए आईपी सीसीटीवी सिस्टम के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (डीएसआईटीसी) के लिए प्रतिस्पर्धी ई-निविदा/ई-निविदाएं आमंत्रित करता है।

कार्य की अनुमानित लागत ₹25 लाख है और प्रारंभिक करार अवधि 60 दिन होगी।

1. सभी प्री-क्वालिफिकेशन पेपर हार्ड कॉपी या ई-मेल (estatekolkata@rbi.org.in) द्वारा 15 जनवरी, 2024 को या उससे पहले दोपहर 2:00 बजे तक जमा किए जाएं। बैंक द्वारा इसकी जांच की जाएगी और पात्र प्रतिभागियों को तदनुसार सूचित किया जाएगा।

2. बयाना राशि-जमा (ईएमडी) अपरिवर्तनीय बैंक गारंटी या एनईएफटी के रूप में होगी। अपरिवर्तनीय बैंक गारंटी को श्री आर. केशवन, क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, कोलकाता-700001 के नाम से संबोधित सीलबंद लिफाफे में जमा किया जाना चाहिए, ताकि वह 15 जनवरी, 2024 को अपराह्न 12:00 बजे तक या उससे पहले संपदा विभाग, तीसरी मंजिल, आरबीआई, कोलकाता पहुंच जाए, लिफाफे के ऊपर बैंक के 'अलीपुर, उल्टाडांगा, डोवर लेन, सल्ट लेक और दम दम में बैंक आवासीय परिसरों के लिए आईपी सीसीटीवी सिस्टम के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (डीएसआईटीसी)' के लिए निविदा हेतु ईएमडी लिखा होना चाहिए। निविदा अनुसूची (एसओटी) के अनुसार सभी फर्मों को ऑनलाइन निविदाएं देखने/डाउनलोड करने की अनुमति दी जाएगी। करार के खंड में निर्दिष्ट पीबीजी जमा करने पर ठेकेदार को ईएमडी जारी की जाएगी। कार्य सौंपे जाने पर, असफल निविदाकर्ता को उनकी ईएमडी उसके बाद जारी की जाएगी।

3. जो फर्म निम्नलिखित पूर्व-योग्यता मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं और/या ईएमडी जमा नहीं करती हैं, उनकी निविदा भाग- II (मूल्य बोली) खोलने पर विचार नहीं किया जाएगा।

ए) इच्छुक बोलीकर्ता के पास समान प्रकृति यथा आईपी सीसीटीवी सिस्टम के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग (डीएसआईटीसी) के कार्य करने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए बोलीकर्ता के पास निम्नलिखित में से दिसंबर 2018 से नवंबर 2023 तक समाप्त होने वाले पिछले 5 वर्षों के दौरान संतोषजनक ढंग से पूर्ण किए गए समान कार्यों का अनुभव होना चाहिए:

i) तीन पूर्ण समान कार्य* प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 40% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए

अथवा

ii) दो पूर्ण समान कार्य* प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 50% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए

अथवा

iii) एक पूर्ण समान कार्य* प्रत्येक की लागत अनुमानित लागत के 80% के बराबर राशि से कम नहीं होनी चाहिए

बी) 31 मार्च 2023 को समाप्त पिछले 3 वित्तीय वर्षों के दौरान अनुमानित लागत का 100% न्यूनतम वार्षिक कारोबार, लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों द्वारा समर्थित

सी) कार्य की अनुमानित लागत के लिए आवेदक के बैंकर द्वारा जारी सॉल्वेंसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए।

डी) कोलकाता या नजदीकी शहर में उचित सर्विस सेटअप होना चाहिए।

1. उपरोक्त के अलावा, इच्छुक बोलीदाताओं को बैंक की जांच के लिए पीक्यू कागजात के साथ निम्नलिखित विवरण और सहायक दस्तावेज भी जमा करने होंगे:

| | | |
|---|---|---|
| (a) | फर्म की संरचना | ठेकेदारों के फर्म की संरचना का पूर्ण विवरण (यद्यपि ठेकेदार एक व्यक्ति हो, या एक साझेदारी फर्म, या एक कंपनी आदि) साझेदार की प्रतिलिपि के नाम और पते के साथ एसोसिएशन के अंतर्नियम/पावर ऑफ अटॉर्नी/ऐसे प्रासंगिक दस्तावेज़ प्रस्तुत किया जाना चाहिए। |
| (b) | कार्य अनुभव और विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान निर्दिष्ट मूल्य के समान कार्यों को पूरा करना | सौंपे गए कार्य की तारीख, दिए गए कार्य का मूल्य, कार्य पूरा करने के लिए दिया गया समय आदि दर्शाने वाले विस्तृत कार्य आदेशों की प्रतियां और पूर्ण होने की वास्तविक तिथि और निष्पादित समान कार्यों के वास्तविक मूल्य को दर्शाने वाले संबंधित समापन प्रमाण पत्र को कार्य अनुभव के प्रमाण में संलग्न किया जाना चाहिए। किसी भी केंद्र में भारतीय रिज़र्व बैंक के लिए कार्य करने के पिछले अनुभव, यदि कोई हो, के दस्तावेजी साक्ष्य के साथ विवरण भी दिया जाना चाहिए। |

| | | |
|---|---|---|
| (c) | कारोबार | पिछले तीन वित्तीय वर्षों अर्थात 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण, इन वित्तीय वर्षों के लिए टर्नओवर का संकेत देने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट के प्रमाण पत्र के साथ। |
| (d) | ठेकेदार की साख पात्रता और निर्दिष्ट अवधि के दौरान उनका टर्नओवर | पिछले तीन वर्षों के लिए उनकी साख और टर्नओवर के प्रमाण के रूप में ठेकेदार के व्यवसाय के नवीनतम अंतिम खातों के साथ-साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा प्रमाणित आयकर क्लीयरेंस प्रमाणपत्र / आयकर मूल्यांकन आदेशों की प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए। |
| (e) | बैंकरों और उनके वर्तमान संपर्क अधिकारियों के नाम और पते | संपर्क अधिकारियों (अर्थात) के नाम, डाक पते, ई-मेल आईडी, टेलीफोन (लैंडलाइन और मोबाइल/व्हाट्सएप) नंबर, फैक्स नंबर आदि जैसे पूरे विवरण के साथ उनके बैंकरों के नाम और पते के बारे में लिखित जानकारी। जिन व्यक्तियों से बैंक द्वारा उनके बैंकरों के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है, यदि आवश्यक हो तो) प्रस्तुत किया जाना चाहिए। |
| (f) | बैंक खाता ब्योरा | पूरा बैंक खाता ब्योरा जैसे खाता न: खाता का प्रकार कब खोला गया आदि दिया जाए। |
| (g) | ग्राहकों और उनके वर्तमान संपर्क अधिकारियों के नाम और पते | उनके ग्राहकों के नाम और पते के बारे में पूरी जानकारी, जैसे नाम, डाक पता, ई-मेल आईडी, टेलीफोन (लैंडलाइन और मोबाइल) नंबर, फैक्स नंबर के साथ लिखित जानकारी आदि , संपर्क अधिकारियों (अर्थात् वे व्यक्ति जिनसे आवश्यकता पड़ने पर बैंक अपने ग्राहकों के कार्यालय में संपर्क कर सकता है) को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। |
| (h) | पूरे किए गए कार्य का ब्योरा (अनुबंध 8) | ग्राहक-वार कार्य(कार्यों) के नाम, कार्य(कार्यों) के निष्पादन का वर्ष(वर्षों), दिए गए कार्य(कार्यों) की वास्तविक लागत, करार (करारों) में निर्धारित पूरा होने का समय और लिया गया वास्तविक समय कार्य(कार्यों) को पूरा करने के लिए, उन अधिकारियों/प्राधिकरणों/विभागों के नाम और पूर्ण संपर्क-विवरण प्रस्तुत किया जाना चाहिए जिनके तहत कार्य निष्पादित किया गया था/किए गए थे। |
| (i) | स्थापित कार्यालय का ब्योरा | स्थापित कार्यालय का पता और संपर्क ब्योरा |
| (j) | पंजीकरण का विवरण और पंजीकरण | पैन<br>जीएसटी |

| | | |
|---|---|---|
| | प्रमाणपत्र/दस्तावेजों की प्रतियां | श्रम आयुक्त कार्यालय, यदि लागू है तो |

2. इच्छुक बोलीकर्ता द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन करने में विफलता की स्थिति में, बैंक उसे निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं देने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

3. योग्य बोलीकर्ताओं की एक प्री-बिड मीटिंग (ऑफ़-लाइन मोड) एसओटी के अनुसार संपदा कक्ष, तीसरी मंजिल, भारतीय रिज़र्व बैंक, कोलकाता में आयोजित की जाएगी। बोली-पूर्व बैठक के बाद किसी और स्पष्टीकरण/प्रश्न पर विचार नहीं किया जाएगा। बैठक का कार्यवृत एमएसटीसी की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी।

4. (a) निविदा फार्म वेबसाइट https://mstcecommerce.com/eprocn पर देखने और डाउन लोड किया जा सकता है।

   (b) ₹50,000/- (रुपये पचास हजार मात्र) का ईएमडी एनईएफ़टी अथवा किसी अनुसूचित बैंक द्वारा जारी अपरिवर्तनीय बैंक गारंटी को एसओटी के अनुसार प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

   (c) निविदाकर्ताओं को निविदा में उल्लिखित सभी जानकारी और दस्तावेज जमा करने होंगे।

   जांच के बाद, यदि किसी बोलीकर्ता के पास आवश्यक पात्रता नहीं पाई जाती है, तो उनकी निविदाएं आगे की प्रक्रिया के लिए बैंक द्वारा स्वीकार नहीं की जाएंगी।

5. एसओटी के अनुसार ई-निविदाओं का भाग I बोलीदाताओं के अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में ऑनलाइन खोला जाएगा जो उपस्थित रहना चाहते हैं। भाग- II (मूल्य बोली) पात्र बोलीदाताओं के लिए अगली तारीख को खोली जाएगी जिसे खोलने से पहले पात्र बोलीदाताओं को सूचित किया जाएगा।
6. आवेदकों/निविदाकर्ताओं को अपलोड करना होगा

   a. अपने ग्राहकों से निविदा में दिए गए प्रारूप के अनुसार ग्राहक का प्रमाण पत्र, जिनके लिए उन्होंने इस नोटिस में बताए गए पात्रता (पूर्व-योग्यता) मानदंडों के संदर्भ में "योग्य कार्य" किए हैं।

   b. उनके बैंकर/बैंकरों से निविदा में दिए गए प्रारूप के अनुसार बैंकर का प्रमाण पत्र ।

ठेकेदार द्वारा उसके द्वारा किये गये कार्य के लिए ग्राहक का प्रमाणपत्र केवल तभी स्वीकार किया जाएगा जब उस पर किसी सरकारी/अर्धसरकारी संगठन या पीएसयू के संबंध में कार्यकारी अभियंता/अधीक्षक अभियंता या समकक्ष रैंक के अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर किए गए हों और केवल तभी जब वे प्राप्त भुगतान के पर्याप्त प्रमाण द्वारा समर्थित हों। निजी संगठनों द्वारा जारी ग्राहक का प्रमाणपत्र भी स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रमाणपत्र के साथ होगा। उपरोक्त प्रमाणपत्रों के बिना अपलोड किए गए आवेदन/निविदाएं अस्वीकार कर दी जाएंगी। बैंक को इन प्रमाणपत्रों को स्वतंत्र रूप से सत्यापित करने का अधिकार होगा।

बैंक निविदाओं को संसाधित करने और निविदाओं की मूल्य बोली खोलने से पहले उक्त रिपोर्ट का मूल्यांकन करेगा। निविदा का भाग-I खुलने के बाद भी यदि किसी भी बोलीदाता के पास किसी भी समय निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए आवश्यक पात्रता नहीं पाई जाती है और/या उसके ग्राहकों और/या उसके बैंकरों से प्राप्त उसकी प्रदर्शन रिपोर्ट असंतोषजनक पाई जाती है, तो बैंक उसके प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार रखता है। बैंक ऐसा करने के लिए कोई कारण बताने के लिए बाध्य नहीं है।

7. भविष्य में निविदा में कोई भी संशोधन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल ऊपर दिए गए अनुसार आरबीआई वेबसाइट और/या एमएसटीसी वेबसाइट पर अधिसूचित किया जाएगा।

8. बैंक न्यूनतम निविदा को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है और किसी भी निविदा को पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। बैंक बिना कोई कारण बताए सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का भी अधिकार सुरक्षित रखता है।

कोलकाता

दिनांक

| निविदा की अनुसूची (एसओटी) | |
|---|---|
| ई-निविदा सं: | RBI/Kolkata Regional Office/Estate/8/23-24/ET/264 |
| निविदा का मोड | ई—खरीदी प्रणाली<br>(ऑन लाइन भाग I – तकनीकी वाणिज्यिक बोली तथा भाग-II – मूल्य बोली<br>https://mstcecommerce.com/eprocn द्वारा |
| प्रेस, बैंक की वेबसाइट तथा ई-खरीद प्रणाली पर एनआईटी प्रकाशित करना तथा ई-खरीद पोर्टल पर निविदा अपलोड करना | 07 दिसंबर 2023 16:00 बजे से |
| अवलोकनार्थ निविदा की उपलब्धता | 27 दिसंबर 2023 |
| बोली पूर्व बैठक | 03 जनवरी 2024 को ऑफलाइन मोड में, 11 बजे से स्थान संपदा विभाग, आरबीआई कोलकता, बीएमओपी कोलकाता 700 001 |
| बोली-पूर्व बैठक/परिशिष्ट, यदि कोई हो, के कार्यवृत्त का प्रकाशन | 05 जनवरी 2024 |
| पूर्व-योग्यता (पीक्यू) दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करने के लिए निविदा (भाग- I और भाग- II) की उपलब्धता | 15 जनवरी 2024 को अपराह्न 02:00 बजे तक |
| i) एनईएफ़टी/बैंक गारंटी द्वारा बयाना जमा-राशि | रु50,000/- (रुपये पचास हजार मात्र) का बैंक गारंटी भारतीय रिज़र्व बैंक, कोलकाता के पक्ष में भौतिक रूप में, संपदा विभाग, आरबीआई कोलकाता को प्रस्तुत किया जाए अथवा एनईएफ़टी:<br>एनईएफ़टी ब्योरा<br>खाता न: – 186003001.<br>आईएफ़एससी कोड – RBIS0KLPA01 |
| ईएमडी प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 15 जनवरी 2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक |
| भाग-I (यथा तकनीकी –वाणिज्यिक बोली) खोलने की तिथि और समय<br>ऑनलाइन निविदा का भाग II उसी दिन या उसके बाद की तारीख में खोला जाएगा, जिसकी सूचना निविदाकर्ताओं को पहले से दी जाएगी। | 15 जनवरी 2024 को अपराह्न 3:00 बजे |
| लेनदेन शुल्क | रु --------<br>एमएसटीसी के माध्यम से लेनदेन शुल्क का भुगतान<br>भुगतान गेटवे/एनईएफटी/आरटीजीएस पक्ष में<br>एमएसटीसी लिमिटेड की |